हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 16 मई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 शहर में अतिक्रमण की बाढ़, बेखौफ होकर लोग शासकीय भू-खण्डों पर बना रहे मकान



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) डी. फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साम्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000




## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण 26 को

**अम्बिकापुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अनुसार मतगणना के संबंध में 26 मई को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित है, राज्य स्तर से अधिकारियों की मतगणना कार्य के प्रशिक्षण हेतु ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना प्रशिक्षण में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, ईवीएम, सुरक्षा व्यवस्था मतदान सामग्री व्यवस्था शामिल होंगे। उन्होंने सर्व संबंधितों को समय पर प्रशिक्षण में शामिल होने कहा गया है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा 18 को

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 में जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 18 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक चयन परीक्षा आयोजित किया जाना है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारी-कर्मचारी को दायित्व सौंपे गये हैं। परीक्षा के लिए 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 1657 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज में 255, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में 173, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में 183, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ में 200, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 306, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में 212, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर में 150, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर में 178 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में अपने साथ आधार कार्ड, विद्यालय द्वारा जारी किया गया फोटो युक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**बलरामपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश एवं कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 9 जून तक किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, खेल सम्मिलित है। 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 8 से 17 वर्ष तक आयु वर्ग के सब जूनियर व जूनियर वर्ग के बालक व बालिका भाग ले सकते हैं। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 एवं सायं 4.30 से 6.30 बजे तक निःशुल्क आयोजित की जायेगी। व्हालीबॉल एवं बैडमिंटन खेल प्रशिक्षण फॉरेस्ट कॉलोनी पुलिस लाईन रोड कोर्ट में दिया जाएगा तथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण हाई स्कूल के खेल मैदान मे दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खेल विधाओं के प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी खेलों का प्रशिक्षण खेल के विशेष प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा।

### महिला व कार चालक की मौत

# चारपाई पर बैठी महिला व बच्चों को टक्कर मारते हुए घर में घुसी कार



एनएच किनारे घटना स्थल एवं दुर्घटनाग्रस्त कार, इनसेट में मृतक व गंभीर रूप से घायल परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- बाईपास रिंग रोड पर हुई घटना, एक बच्चे की हालत नाजुक, कार सवार घायलों का भी चल रहा उपचार

बीती रात नमदगिरी रिंग रोड के पास एक बेकाबू कार चारपाई पर बैठी महिला व छोटे बच्चों को टक्कर मारते हुए घर में घुस गई। इस घटना में महिला व कार सवार चालक की मौत हो गई जबकि घटना में तीन बच्चों व कार सवार युवकों समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की मुख्य वजह अनियंत्रित रफ्तार को बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा कार को जब्त कर मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत नमदगिरी बाईपास रिंग रोड किनारे रहने वाली 42 वर्षीया रामबाई केंवट पति स्व. विश्वनाथ केंवट ठेला लगाकर व्यवसाय करती है। महिला अपने किराना ठेला के समीप ही चारपाई लगाकर रात लगभग आठ बजे अपने नाती समीर केवट, विक्की केवट, अमन केवट के साथ चारपाई लगाकर बैठी हुई थी। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 29 एसी 9118 तेज गति से उनकी ओर आई और महिला व बच्चों को अपनी चपेट में लेते हुए घर में घुसकर पलट गई। इस घटना में महिला व बच्चों समेत कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने महिला रामबाई को मृत घोषित कर दिया जबकि कार चालक अजिरमा खालपारा निवासी 19 वर्षीय करन सिंह की भी मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया। घटना में घायल बच्चे विक्की केवट व समीर केवट को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया जबकि गंभीर रूप से घायल अमन केवट को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

**जन्म दिन मनाने गए थे युवक**

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक अजिरमा खालपारा निवासी 19 वर्षीय करन सिंह आ. रामचरण सिंह मंगलवार की शाम अपने दोस्त अजय सिंह, बिजेंद्र सिंह, राहुल सिंह के साथ रामनगर नीमपरा में अपने दोस्त राजा के रिस्तेदारी में कार से गया हुआ था। रामनगर से सभी दोस्त जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए सूरजपुर आए हुए थे और संभावना जताई जा रही है कि घटना के दौरान मृतक काफी तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। इस दौरान करन सिंह ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और कार चारपाई पर बैठी महिला व बच्चों को टक्कर मारते हुए घर में घुसकर पलट गई। घटना के बाद कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे में करन सिंह की मौत हो गई जबकि अन्य युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका उपचार अंबिकापुर के निजी अस्पताल में चल रहा है।

# तेज रफ्तार बाइक भिड़े, दो की गई जान, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- एमसीबी कलेक्टर कार्यालय के समीप हादसा, तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं

तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं होने से आए दिन कहीं न कहीं हादसे हो रहे हैं। बुधवार की सुबह एमसीबी कलेक्टर कार्यालय के समीप दो बाइकों के आपसी भिड़ंत में असमय ही दो युवकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। 15 मई की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ लाया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक दो मोटरसाइकिल सवार कलेक्टर कार्यालय के पास आमने सामने टकरा गए। इस हादसे में अजीत केरकेट्टा वार्ड नंबर 21 एवं दिनेश गोड़ ग्राम सिरौली की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं एक युवक गोपाल यादव घायल हो गया। सभी को तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने दो घायलों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही मनेन्द्रगढ़ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र में दुर्घटनाएं नियंत्रित नहीं हो पा रही है, इसका प्रमुख कारण वाहन चालकों की लापरवाही को माना जा रहा है। आए दिन यहां सड़कों पर खून बह रहा है। लापरवाही से हुए हादसे परिवार वालों को जीवनभर का दर्द दे रहा है। कहीं इकलौता बेटा सड़क हादसे का शिकार बना तो कहीं परिवार का मुखिया दूसरे की गलती से मौत की मुंह में चला गया। कभी खुद की तो कभी दूसरे वाहन चालक की गलती से हादसे हो रहे हैं।



घटना स्थल पर मृतक।

**ब्लाइंड टर्निंग के पास हादसा**

ब्लाइंड टर्निंग - अधिकांश हादसों में देखा गया है कि नशे में रहने वाले वाहन चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हैं। गाड़ी रफ्तार में होने की वजह से ब्लाइंड टर्निंग पर ऐसे वाहन चालक अपने रफ्तार पर नियंत्रित कर पाता और हादसा हो जाता है। इसका नतीजा होता है कि वाहन सीधे पेड़ से टकरा जाता है या सामने से आ रही गाड़ी से। दूसरे के गलती का खामियाजा निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ती है। वहीं शराब के नशे में कई चालक वाहन चलाते हैं। नशे में होने की वजह से ऐसे वाहन चालक को सामने और पीछे से रहे वाहनों का पता नहीं लगता और हादसा हो जाता है।

**हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य**

हेलमेट की अनिवार्यता होने के बाद भी अब तक कई वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग नहीं करते। विभाग द्वारा हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसके बाद भी दुर्घटना हो रही है।

### जिलेबदर आदेश का उल्लंघन करने पर अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में निवासरत ऐसे अपराधी जो लगातार अपराध करते आ रहे हैं, जिनके अपराधिक कृत्य से क्षेत्र के आम लोगों में भय व्याप्त है। लोक व्यवस्था-लोक शांति के लिए खतरा है, जिनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के उपरांत भी अपनी अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं किया है तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। ऐसे अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर के प्रकरण तैयार करने के लिए जिला के थाना प्रभारीगणों को कार्रवाई किए जाने के लिए बताया गया।

# वेतन भुगतान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पारित किया हड़ताल करने का प्रस्ताव

अधिकारियों की लापरवाही से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरिमा अंतर्गत लगभग डेढ़ सौ कर्मचारियों का वेतन दो महीने से लंबित होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि माह फरवरी का वेतन इनकम टैक्स के रूप में कट जाता है वहीं मार्च एवं अप्रैल माह का वेतन आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र जारी नहीं होने के कारण रूका है जबकि मई माह का वेतन जारी करने का समय आ गया है। वेतन के अभाव में कर्मचारी अपने होमलोन, वाहन लोन व पर्सनल लोन के भुगतान सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र के अभाव में मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल, जीपीएफ एवं पार्ट फाइनल, सातवाँ वेतन का एरियर्स भुगतान भी लंबित है। परेशान स्वास्थ्यकर्मियों ने इस संबंध में आपातकालीन बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फुंदुरडिहारी में की। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन से लेकर ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक साल से कार्य आधारित वेतन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में कर्मचारियों को सालभर से ग्रुप इंसेंटिव तथा पल्स पोलियों कार्यक्रम, मच्छरदानी वितरण, टीबी एवं कुष्ठ सर्वे, आयुष्मान कार्ड निर्माण, कोविड वैक्सीनेशन, सिकलिंग जाँच, आयुष्मान योजना, नेत्र ज्योति योजना का इंसेंटिव नहीं मिलने पर नाराजगी जताई एवं एक सप्ताह के भीतर वेतन, भत्ते एवं इंसेंटिव नहीं मिलने पर 25 मई से काम बंद कलमबंद हड़ताल करने का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय, धनेश प्रताप सिंह, हेमंत कुमार मरावी, किरण सोनी, ऋषिकेश कुशवाहा, तूफान अली, अजय सिंह, अभिषेक एक्का, प्रेम प्रकाश कुशवाहा, मिथलेश यादव, सुरेश राजवाड़े, बालकृष्ण पैकरा, सोनल गुप्ता, दुलारी शर्मा आदि उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

- सीतापुर, लखनपुर व उदयपुर पुलिस ने की कार्रवाई, मोबाइल फोन जब्त



**अंबिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी व महिलाओं के अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सरगुजा में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने तीन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच लोगों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन व सिमकार्ड बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया है और नाबालिग बच्चों, महिलाओं के अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले की सीतापुर पुलिस द्वारा आमाटोली हाल मुकाम पेटला अमेरापारा निवासी 33 वर्षीय अविनाश कुमार सोनवानी, जुनापारा कोट निवासी 35 वर्षीय धनप्यारी को गिरफ्तार किया है। उदयपुर पुलिस द्वारा परसा बाजारपारा निवासी 26 वर्षीय राहुल सिंह व उदयपुर माझापारा निवासी 21 वर्षीय मयंक सिंह को पकड़ा है। इसी तरह थाना लखनपुर पुलिस द्वारा सिरकोतंगा निवासी 21 वर्षीय आतिश कुमार राजवाड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 67, 67(क) आईटी एक्ट, 509(ख) पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत अलग अलग अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर भारत लाल साहू, थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, थाना प्रभारी लखनपुर मनोज प्रजापति, सउनि शिवचरण साहू, दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक रामबचन राम, आरक्षक पंकज देवांगन, देवेंद्र सिंह, दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, संजय एक्का, अभिषेक राठौर, मनोहर पैकरा धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

# तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित, एक किया गया निरस्त

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान शस्त्र जमा नहीं करने के मामले में कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित करने के साथ ही एक लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। बता दें कि जिले में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के दौरान शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा निरंतर शस्त्र निलंबन अथवा निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित और एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सोनपुरकला निवासी राजेश कुमार वर्मा, देवीगंज रोड निवासी मयंक सिंह और सीतापुर निवासी रामजी प्रसाद द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिसपर एसपी द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों का लाइसेंस आगामी आदेश पर्यंत निलंबित किया गया है। इसी प्रकार मूलतः बलरामपुर पीपरसोत हाल मुकाम प्रतापपुर रोड निवासी धर्मवीर सिंह उर्फ छोटन सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में प्रकरण दर्ज होने के कारण एसपी द्वारा लाइसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा की गई थी। धर्मवीर सिंह द्वारा नोटिस का समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर प्रथम दृष्टया शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया जाना पाया गया। इस कारण धर्मवीर सिंह के शस्त्र अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

### कलेक्टर, एसपी ने किया खेल सामग्रियों का वितरण

# 21 दिनों तक चलने वाले समर कैंप की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 समर कैंप की शुरुआत की गई है। कलेक्टर विलास भोसकर एवं एसपी विजय अग्रवाल ने गांधी स्टेडियम परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण भी किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खेल में जब हम गिरते हैं, तो उस समय चोट लगती है, पर आगे चलकर यही हमारी यादें बनती हैं। इस 21 दिवसीय समर कैंप का मजा लें और खेलों में अपना अनुभव बनाएं। उन्होंने सभी को ऑल द बेस्ट कहकर शुभकामनाएं दीं। एसपी श्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों की सुविधा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए ये समर कैंप किया जा रहा है। शिविर का आनंद उठाएं और आगे की पढ़ाई के लिए भी तैयारी करें। बता दें कि समर कैंप में 10 से ज्यादा खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंप के दौरान गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कराटे, शतरंज, एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह पीजी कॉलेज मैदान परिसर में फुटबॉल, हैंडबॉल, ताईक्वांडो, और तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे और शाम को 5.30 बजे से 6.30 बजे रखा गया है। इस दौरान इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी आरके सिंह, देवेन्द्र सिन्हा, खेलों के कोच और बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चे उपस्थित रहे।



खेल सामग्री प्रदान करते कलेक्टर व एसपी।

## सेल्समैन ने हड़प लिया एक महीने का राशन हितग्राहियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में राशन दुकान संचालकों की मनमानी के कारण हितग्राही दो महीने के राशन से अब तक वंचित है। राशन के लिए लम्बे समय तक पीडीएस दुकान का चक्कर लगाने के बाद ग्राम तुनगुरी एवं कटिंदा के परेशान ग्रामीण अब आंदोलन करने की योजना बना रहे हैं। शासन द्वारा राशन दुकानों को अप्रैल एवं मई दो महीने का राशन आवंटित किया था लेकिन संचालकों ने हितग्राहियों का राशन हड़प लिया तथा उन्हें कम राशन आवंटित होने का हवाला देकर आवंटन मिलते ही राशन देने का आश्वासन देते रहे। लेकिन अब तक राशन नहीं दिया। राशन नहीं मिलने से परेशान ग्राम तुनगुरी के हितग्राही सरपंच हाकि के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप पीडीएस संचालक के मनमानी की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 544 हितग्राही हैं जिनमें सौ से अधिक हितग्राहियों को अब तक दो महीने का राशन नहीं मिला है। इस दौरान गांव के गोवर्धन यादव, श्यामलाल यादव, सुखराम, रामलाल राजवाड़े, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम कटिंदा के हितग्राहियों ने बताया कि पीडीएस दुकान का सेल्समैन अप्रैल में दो महीने का राशन न देकर कम चावल आवंटित होने का हवाला दे रहा था। एक दो दिन में राशन देने का आश्वासन देकर संचालक ने सौ से अधिक हितग्राहियों के राशन कार्ड में राशन की एंट्री कर पंजी में हस्ताक्षर करा लिया तथा कार्ड अपने पास रख लिया है। हितग्राहियों का एक महीने का राशन सेल्समैन ने हड़प लिया है तथा उन्हें मात्र एक महीने का राशन दिया है। जल्द शेष राशन नहीं मिला तो वे मामले की शिकायत कलेक्टर से करेंगे। इस संबंध में खाद्य निरीक्षक शिवकुमार मिश्रा ने बताया कि पीडीएस दुकान के भौतिक सत्यापन में राशन सामग्री में कमी पाई गई थी। सेल्समैन द्वारा राशन खरीदकर मई महीने में वितरण किया जाएगा।


JGi
THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)
A Division of The Jain Group of Institutions, Bangalore
Academic Year 2023-24
Class 10th Toppers Congratulations!
DIST. TOPPER
PRANSHU AGRAWAL 99%
AARYAV TIWARI 98%
SAMIKSHA MAJHI 95.4%
ABHISHEK GHOSLE 94.2%
TANISHQ LALWANI 93.8%
TAANI JAIN 93.6%
SRIJAN PANDEY 93.4%
PRIYAL TIWARI 93.2%
SRISHTI LALWANI 92.6%
VIJAY KUMAR MARKAM 92.2%
DEWANSH AGRAWAL 91.8%
KRISHNA KANT TANDON 91.2%
AMAR AGRAWAL 91%
ARPAN PODDAR 91%
NALINI BHARTI 90.8%
ABHYUDAY TIWARI 90.8%
TANMAYA SAHOO
Class 10th
STATE TOPPER
99.2%
Class 12th Toppers
MEDHAVI JAIN 94.8%
NAILAH US SAHR 94.8%
DIYA BAID 94.4%
RAYON SINGH 92.6%
RISHITA SHRIVASTAVA 91.8%
Admissions Open
For Classes Nursery to XII
ABHIMANYU AGRAWAL
Class 12th
DIST. TOPPER
97.2%
SHRISHTI SONI 91.4%
AARTI SAHU 91%
HARSH SINGH 90.8%
ARSHIA MAKKAD 90.4%
AdPRAYAS
FULLY AIR CONDITIONED
CLASS ROOMS & SEPARATE HOSTELS
(FOR BOYS & GIRLS)
Enroll Your Child & Grab
Up to 100% SCHOLARSHIP
Class 10th
Highest 99.2%
First Division 91.46%
Second Division 8.54%
Class 12th
Highest 97.2%
First Division 92.59%
Second Division 7.41%
Integrated coaching classes for
*SCIENCE,
*COMMERCE &
*HUMANITIES
School Campus:
Mungeli Road, PO Sakri,
Bilaspur (CG)- 495 003
info@tjisedu.in
www.tjisedu.in
07752 - 283281-85
9584461668, 9584461666

## खबर संक्षेप



### डीएवी पब्लिक स्कूल छात्रा माही गोयल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बनी टॉपर

**अम्बिकापुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 12वीं कॉमर्स की छात्रा माही गोयल ने जिले में टॉप किया है। डीएवी पब्लिक स्कूल पंडापारा में अध्ययन छात्रा माही गोयल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। छात्रा भैयाथान निवासी नारायण गोयल एवं डिंपल गोयल की पुत्री है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के लोगों एवं गुरुजनों को दिया है। साथ ही आगे पढ़ाई कर के आईपीएस बनना चाहती है।

### शशि तिवारी को झारखंड के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की मिली जिम्मेदारी



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही प्रदेश के भाजपा नेताओं को झारखंड प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की जवाबदारी सौंपी गई है। झारखंड प्रदेश के लोकसभा चुनाव में जिले के भाजपा नेता शशि तिवारी को गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जवाबदारी सौपी गई है। श्री तिवारी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों को झारखंड के अलग अलग लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को तेज करने की जवाबदारी है। झारखंड में अबतक लोकसभा चुनाव में मात्र एक चरण के ही मतदान संपन्न हुए हैं। श्री तिवारी ने बताया कि प्रदेश मे लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके है इसलिए प्रदेश के नेताओं को पड़ोसी राज्य झारखंड में लोकसभा चुनाव अभियान को तेज करने की जवाबदारी दी गई है।

### पार्षद एवं समाजसेवी जायसवाल ने जरूरतमंदों के लिए की भोजन व्यवस्था



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत पार्षद एवं समाजसेवी अरविंद जायसवाल ने आज वार्ड क्रमांक 1 में गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए भोजन व्यवस्था की। अरविंद जायसवाल द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन के साथ में निःशुल्क मेमोरियल हॉस्पिटल के माध्यम से दवा एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, मुकेश, काजू कश्यप, आकाश मित्तल, आनंद शुक्ला, विकास गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के नाम पर लाखों की वसूली

# रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में खानापूर्ति, छात्राओं को नहीं मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नारी सशक्तिकरण को लेकर शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें से एक रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी शामिल है। छात्राएं आत्मनिर्भर हो सके इसके लिए प्रदेश के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर छात्राओं को दिया जाना है। हैरानी की बात यह है कि विकासखंड प्रतापपुर में प्रशिक्षकों तीन महीने तक विद्यालय में उपस्थित होकर प्रशिक्षण देना था परंतु प्रशिक्षण के नाम पर न सिर्फ खानापूर्ति की गई बल्कि पीएमएफएस के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है। ऐसे में योजना का लाभ छात्राओं को नहीं मिल सका।

**खास बात**

- देना था 3 महीने परीक्षण, एक माह भी नहीं दिया गया परीक्षण

विकासखंड प्रतापपुर में शासन द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में सेल्फ डिफेंस हेतु कराटे एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रशिक्षण सभी मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर 3 महीने प्रशिक्षण देना था जिससे छात्राओं में सेल्फ डिफेंस क्षमता विकसित हो सके। पूरे प्रदेश में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर में प्रशिक्षण हेतु प्राइवेट एजेंसी को उत्तरदायित्व दिया गया था। जिन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न करना था। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों को 3 महीना प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित होकर लगभग दो घंटा प्रशिक्षण देना था। साथ ही आत्मरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए नोट्स बनवाने थे और प्रशिक्षण उपरांत छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान करना था। इसके एवज में सभी विद्यालयों को प्रशिक्षण देने वालों के खाते में 15 हजार रुपए पीएमएफएस के माध्यम से भुगतान करना था। इधर जिले में प्रशिक्षण देने वाली एजेंसी ने शासन के महत्वपूर्ण योजना के नाम पर लाखों रुपए की वसूली तो किया परंतु स्कूली बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल सका। क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत विद्यालयों में 3 महीने के स्थान पर महज 10 से 15 दिन ही प्रशिक्षण का आयोजन कर खानापूर्ति कर पूरा कर लिया गया। इसके अलावा 2 घंटे के प्रशिक्षण के स्थान पर 15 से 20 मिनट ही छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया जबकि प्रशिक्षण देने वाला कोई भी व्यक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण का जानकार नहीं था। स्कूली बच्चों को आत्मरक्षा से संबंधित कोई भी नोट्स नहीं बनवाया गया है और न ही छात्राओं को कोई प्रमाण पत्र ही दिया गया है। ऐसे में प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। शासन के महत्व कांक्षी योजना को मजाक बनाकर 15 हजार के हिसाब से विकासखंड प्रतापपुर एवं जिले के अन्य स्कूलों से कई लाख रुपए वसूल लिए है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के नाम पर किस तरह से खानापूर्ति की गई है।



प्रशिक्षण में शामिल छात्राएं।

**प्रशिक्षण का नहीं मिला लाभ**

विकासखंड प्रतापपुर के स्कूलों में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रानी लक्ष्मी बाई परिक्षण दिया गया लेकिन इसका लाभ छात्राओं को नहीं मिला। स्कूली छात्राओं ने बताया कि किसी प्रकार का प्रशिक्षण दिए बिना सिर्फ खानापूर्ति की गई है। लड़कियों के आत्मरक्षा के लिए सिखाए गए प्रशिक्षण का किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल सका। शिक्षकों ने भी माना कि शासन का यह पैसा का दुरुपयोग किया गया है। इसकी शिकायत अधिकारियों से भी की गई है परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई।

**कराई जाएगी जांच**

जिले में शिक्षा विभाग के डीएमसी मत से प्रशिक्षण का कार्य हुआ था। प्रशिक्षण में गड़बड़ी की गई है और बना प्रशिक्षण दिए भुगतान कैसे हुआ इसकी जांच कराई जाएगी।

-ललित पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी

**जांच के लिए टीम गठित**

मामले की जांच कराने टीम गठित किया गया है। पूर्व में भी इसकी शिकायत प्राप्त हो चुकी है। शासन के पैसा का दुरुपयोग करने वाले लोगों एवं कम अवधि में प्रशिक्षण देने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-शशिकांत, डीएमसी सूरजपुर

# मां के पावन चरण हैं, सभी सुखों के धाम वहीं स्वर्ग-अपवर्ग है, मां को करो प्रणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- मातृ दिवस पर तुलसी सहित्य समिति की सरस काव्यगोष्ठी

मातृदिवस पर तुलसी साहित्य समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता व पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीता मर्मज्ञ पं. रामनारायण शर्मा, विशिष्ट अतिथि शायर-ए-शहर यादव विकास, सच्चिदानंद पाण्डेय और पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष हरिशंकर सिंह थे। शुभारंभ मां वागेश्वरी की आराधना और तुलसीकृत रामचरितमानस व बंशीधर लाल रचित सरगुजिहा रामायण के पारायण से हुआ। वरिष्ठ गीतकार पूनम दुबे ''वीणा'' ने सुंदर सरस्वती-वंदना की प्रस्तुति दी। पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि माता अपनी संतान की निर्माता होती है। वह अपने बच्चे का भविष्य संवारकर उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक आदि बनाती है। यहां तक कि सामाजिक सुरक्षा हेतु भगवान को भी वह जन्म देती है। शिवाजी को उनकी माता ने परम योद्धा और हिन्दू संस्कृति का संरक्षक बना दिया। प्रहलाद को उनकी माता ने हरि का परम भक्त तो भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों को उनकी माताओं ने क्रांतिकारी बनाकर देश की आजादी हेतु कुर्बान कर दिया। विद्वान ब्रह्माशंकर सिंह ने आदि शंकराचार्य के विषय में बताया कि देश में जिन दिनों लोग वैदिक संस्कृति को भूलकर बौद्ध धर्मी बन रहे थे, उन दिनों आदि शंकराचार्य ने हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित कर देश के चारो कोनों में चार मठों की स्थापना का पुनीत कार्य किया और वैदिक धर्म का पताका फहराया। उन्होंने आठ वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण कर लिया था और चारों वेदों में वे पारंगत हो गये थे। व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय ने महाकवि सूरदास की रचनाओं - सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य-लहरी, नल-दमयंती और ब्याहलो का उल्लेख करते हुए सूरदास को हिंदी के भक्तिकाल के महान कृष्णभक्त कवि बताया। काव्यगोष्ठी में माधुरी जायसवाल ने मां की महानता पर काव्य की प्रस्तुति देते हुए कहा कि मेरी आंखों के आंसू अपनी आंखों में समो लेती है मां, हमारी खुशियों का शामिल होकर अपने गम भुला लेती है मां! मां की दुआ है सफलता की कुंजी जिससे खुल जाते हैं हर तरफ खुशियों के द्वार। कविवर श्यामबिहारी पाण्डेय ने मां को भगवान के समान बताया - ममता, त्याग, तपस्या का बस एक नाम है मां। स्वर्ग मेरा तेरे चरणों में, तुमको मेरा सलाम है मां। छांव तपिश में, धूप शिशिर में, पतझड़ में बसंत है मां। बच्चों के हित सब सहती है, सचमुच में भगवंत है मां! गीतकार पूनम दुबे ने मां के भोजन-प्रस्ताव का बहुत सहज वर्णन कर सबका दिल जीत लिया- चक्की चलाते अम्मा बोली-सुन बिटिया मेरी छोटी! आजा खिलाऊं पास में तुमको बासी-मीठी रोटी। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने मां के संदर्भ में सही कहा कि लोरियां गाकर सुलाती। वह प्रेम की प्रतिमूर्ति और दया की खान होती है, क्योंकि वह मां होती है। वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा ने मां की महिमा को अपरम्पार बताया - है शब्द नहीं, निःशब्द हूं मैं। शब्दों तक हाथ नहीं जाते। वह कलम नहीं जिसकी ताकत मां की परिभाषा लिख पाते! संस्था के अध्यक्ष, दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहों में मां की महिमा का वर्णन करते हुए उनके चरणों में स्वर्ग होने की बात कही - मां है इक संवेदना, कोई जज्बा खास। मां पूजा है आस्था, आस और विश्वास। मां जीवन की राह में, तरुवर छायादार। बिन मां के सूना लगे, यह सारा संसार। घोर अंधेरी रात में, मां दीपक की जोत। मरुथल में भी है वही, जल का शीतल स्रोत। मां के पावन चरण हैं, सभी सुखों के धाम। वहीं स्वर्ग-अपवर्ग है, मां को करो प्रणाम। काव्यगोष्ठी में कतिपय कवियों ने मां के अलावा विभिन्न विषयों पर अपनी उत्कृष्ट कविताओं का पाठ किया। युवाकवि निर्मल कुमार गुप्ता ने भगवान परशुराम पर कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि -तेज से भरे वे तेजस्वी थे। ज्ञान से भरे वे ज्ञान के सागर थे। साहसी व वीर थे। वे रेणुका पुत्र परशुराम थे। वीर रस के कवि अंबरीष कश्यप ने अपने संकल्प को यूं नुमायां किया - आसमानों में उड़ना नहीं चाहते। हम रईसी से जुड़ना नहीं चाहते। बंद हो चाहे ये मेरी मंजिल की राह, आगे जाकर के मुड़ना नहीं चाहते। फैलना है हमें आसमां की तरह, हम जमीं-सा सिकुड़ना नहीं चाहते! कवि अजय श्रीवास्तव ने अपनी वियोग व्यथा का दारुण चित्रण किया-बाबुल की मेरी लाडो, क्यों कर लिया किनारा। लगके गले से उसके, मैं मुकुंद रो ना पाया। ना कह सका मैं अपनी, ना उसकी ही सुन पाया। वरिष्ठ कवि उमाकांत पाण्डेय का दर्द उनकी कविताा में छलक पड़ा - एक ही हादसा गुजरा है जिंदगी में मेरे साथ। न मेरी बात ही सुनी गई, न मेरी बात कही ही गई! कवयित्री व अभिनेत्री अर्चना पाठक ने अपने काव्य संदेश में मां का याद करते हुए कहा कि - मेरी मां भोली-भाली, मीठी मिस्री की डलियन-सी। बचपन की यादें सुहानी, बिसर गई जब हुई साजन की! अंत में, शायर-ए-शहर यादव विकास की इस कालजयी गजल से कार्यक्रम का यादगार समापन हुआ - रातों के ख्वाब दिल में बसाए नहीं जाते, यारों! चराग दिन में जलाए नहीं जाते। ये चराग-ए-मोहब्बत है नफरत से बचाना, इक बार बुझ गए तो जलाए नहीं जाते। कस्ती डुबो के लहरों उछलना नहीं अच्छा, गम के घरो में जश्न मनाए नहीं जाते! काव्यगोष्ठी का संचालन कवि अजय श्रीवास्तव और आभार कवि मुकुंदलाल साहू ने जताया।

## 10वी बोर्ड परीक्षा में स्नेहा ने प्राप्त किए 92.83 प्रतिशत अंक



**रामानुजगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय स्कूलों में अच्छी पढ़ाई के कारण किस प्रकार से प्रतिभावान बच्चे अच्छा कर रहे हैं यह इस बात से समझा जा सकता है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरागाही में छोटे सब्जी विक्रेता राजेंद्र कुशवाहा की बेटी स्नेहा कुशवाहा ने बिना किसी कोचिंग एवं ट्यूशन के सिर्फ स्कूल के पढ़ाई के दम पर 92.83 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्नेहा आगे इंजीनियरिंग के फील्ड में कुछ अच्छा करना चाहती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरागाही के प्राचार्य विजय कश्यप ने बताया कि कक्षा दसवीं में 51 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया जिसमें विद्यालय का परिणाम 80 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी 18 छात्र आए इसी प्रकार 12वीं में विमलेश यादव ने 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### न्यू एरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणाम में न्यू एरा पब्लिक स्कूल के मयंक सिंह पिता मनोज सिंह ने 92.8 प्रतिशत अंक लाकर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें की 11 बच्चों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह वृत रंजन मित्र 84.4 प्रतिशत, कुमकुम सरकार ने 84 प्रतिशत, श्रेयांश गुप्ता 83.6 प्रतिशत, शिवांश यादव 82.7 प्रतिशत, इशिका गुप्ता 81.4, प्रतिशत रिया गुप्ता 80.8, प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व स्कूल के शिक्षकों को दिया है। कक्षा 12वीं में भी न्यू एरा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12वीं में 19 छात्र अध्ययन कर रहे थे, जिसमें की 14 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं और 6 छात्रों में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य पी.राय एवं व्यवस्थापक राकेश गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष से इस वर्ष का परीक्षा परिणाम काफी बेहतर रहा है।

# चार दिवसीय अखंड नाम संकीर्तन में हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन समिति द्वारा ग्राम कृष्णा नगर स्कूल प्रांगण में अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन 10 से 13 मई तक किया गया। चार दिनों के आयोजन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किया गया। अखंड नाम संकीर्तन स्थल में राधा कृष्ण की मूर्ति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र था। जहां लोगों ने पूजा अर्चना की एक ओर जहां अखंड नाम संकीर्तन चल रहा था वहीं दूसरी ओर विशाल भंडारे एवं मेले का किया गया था।

गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से अखंड नाम संकीर्तन का बृहद आयोजन होते है 16 प्रहर अखंड हरी नाम संकीर्तन आयोजन को लेकर व्यापक स्तर में कई दिन पूर्व से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। गांव में हो रहे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय में हो गया था। चार दिनों तक पूरा गांव भक्ति में डूबा रहा। 10 मई की सुबह 8 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे से कोलकाता कलाकार द्वारा रामायण एवं रात्रि 8 बजे से अधिवास, वहीं 11 मई की सुबह 6 बजे से अखंड नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो 12 मई को भी जारी रहा। 13 मई की सुबह 6 बजे अखंड नाम संकीर्तन का समापन हुआ। अखंड नाम संकीर्तन कृष्णा नगर सहित आसपास गांव एवं दूर दराज गांव के भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हमा निवासी केसर जहां पति जहरीरूद्दीन (42 वर्ष) मंगलवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगते ही परिजन उसे धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

न्यायालय श्रीमान् द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-01 महोदय, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

प्रो.न.-35/2024
व्य.वा.क्र. 130-ए/2023

रघुनाथ मुखर्जी व अन्य
प्रति
हरिराम मुखर्जी व अन्य

इस व्यवहार वाद के वादीगण द्वारा माननीय न्यायालय में एक व्यवहार वाद स्वत्व घोषणार्थ, कब्जा प्राप्ति, स्थायी निषेधाज्ञा एवं राजस्व अधिकारियों के द्वारा परिशिष्ट 'डी' की भूमि का बटवारा आदेश को शून्य एवं प्रभावहीन घोषित करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस व्यवहार वाद के प्रतिवादी क्र. 02 गंगाधर मुखर्जी आत्मज स्व. श्रीनाथ मुखर्जी, उम्र लगभग 63 वर्ष, प्रतिवादी क्र. 03 नीलकंठ मुखर्जी आत्मज स्व. श्रीनाथ मुखर्जी, उम्र लगभग 61 वर्ष, प्रतिवादी क्र. 04 रिशचंद उर्फ शम्भू मुखर्जी आत्मज स्व. श्रीनाथ मुखर्जी, उम्र लगभग 56 वर्ष, तीनों निवासी नगर-बाबूपारा, अम्बिकापुर, थाना व तहसील- अम्बिकापुर, पोस्ट अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) को इस ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवहार वाद की सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2024 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से प्रतिवादी क्र. 02 गंगाधर मुखर्जी, प्रतिवादी क्र. 03 नीलकंठ मुखर्जी, प्रतिवादी क्र. 04 हरिशचंद उर्फ शम्भू मुखर्जी को सूचित किया जाता है कि वह स्वयं या अपने किसी प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से नियत पेशी तिथि दिनांक 12.06.2024 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रतिवादी क्र. 02, 03, 04 का अवसर समाप्त कर दिया जावेगा। यदि किसी कारणवश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 06/04/2024 को जारी किया गया।

**माननीय खिलेश्वरी सिन्हा**
न्या. द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)






























## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रवेश

**कुसमी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, विद्यालय के प्राचार्य अविनाश मिश्रा सहित छात्र, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति में कक्षा 1 से 10 वी तक के छात्र, छात्राओं को पात्र आवेदन में से वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया की पद्धति से प्रवेश दिलाया गया। विद्यालय में 10 अप्रैल से 10 मई तक कक्षा 1 से 12वी तक की कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया तथा 11 मई को प्राप्त आवेदन में से पात्र छात्र, छात्राओं की सूची प्रकाशित करते हुए 14 मई तक दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। आज पात्र छात्र,छात्राओं के प्रवेश हेतु कक्षा 1 से कक्षा 10 वी तक में प्रवेश दिलाने हेतु लॉटरी पद्धति से प्रवेश दिलाया गया।

### अदाणी विद्या मंदिर में सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**अम्बिकापुर।** अदाणी विद्या मंदिर साल्ही के कक्षा 10 वीं में शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई द्वारा बुधवार को हाई स्कूल मुख्य परीक्षा के घोषित परिणाम में एवीएम, साल्ही का परिणाम शत प्रतिशत रहा। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा दसवीं में 35 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं जिसमें से 8 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुमारी प्रीति गोंड 83 प्रतिशत, सचिन दास 81 प्रतिशत, कुमारी अमीषा पोर्ते 71 प्रतिशत, मंजीत दास 71 प्रतिशत, मंजीत सार्थी 70 प्रतिशत, कुमारी ज्योति कुसरो 70 प्रतिशत, कुमारी तारा रानी मरकाम 69 प्रतिशत और कुमारी समीला पोर्ते 69 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



### मिस, मिस्टर व मिसेज सेन्ट्रल इंडिया के लिए किया गया ऑडिशन




**अंबिकापुर।** फैशन मॉडलिंग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने वाले युवाओं के लिए शहर में ऑडिशन का आयोजन किया गया। मिस, मिस्टर व मिसेज सेन्ट्रल इंडिया सीजन 2 के ऑडिशन में खासा उत्साह देखने को मिला। इस प्रतियोगिता का फाइनल रायपुर में 15 जून को आयोजित किया जाएगा। बता दें कि ट्रिप प्रोडक्शन के तत्वावधान में ब्यूटी पिगेंट रनवे शो मिस, मिस्टर, मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन 2 का ऑडिशन 14 मई को शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कैटेगरी में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल 15 जून को रायपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें चुने हुए प्रतिभागियों को शामिल होने का मौका मेलगा। प्रतियोगिता के फाइनल में मुंबई से सना सुल्ताना शामिल होंगी। आयोजकों ने बताया कि फाइनल जीतने वाले प्रतिभागी को प्राइज के अलावा हिन्दी एल्बम में एक्टिंग करने का मौका मिलेगा। सरगुजा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आयोजक तृप्ति रॉय चौधरी, मृणमय सिंह, पूजा गुप्ता आदि मौजूद थे।

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना निवासी भुवनेश्वर आ. भगलू (28 वर्ष) मंगलवार को बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मास्टर प्लान के निर्देशों की हो रही खुली अवहेलना

# शहर में अतिक्रमण की बाढ़, बेखौफ होकर लोग शासकीय भू-खण्डों पर बना रहे मकान



नोटिस के पूर्व की स्थिति।



नोटिस के बाद की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के मामलों की बाढ़ आ गई है तथा अवैध अतिक्रमण को लेकर अराजक स्थिति निर्मित हो गई है। ननि अमला अतिक्रमण रोकने के नाम पर सिर्फ नोटिस देने तक सिमट गया है। इसके पूर्व शहर में कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी। पिछले 6 महीनों से संभाग मुख्यालय में अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं दबंगों की शह पर लोग रातोंरात शासकीय भूखण्डों पर अवैध निर्माण कर हथिया रहे हैं। अतिक्रमणकारी लोगों के दरवाजे के सामने की जमीन एवं सड़क तक को कब्जा कर घर बना ले रहे हैं। बेखौफ चल रहे अतिक्रमण की लगातार शिकायतें भी हो रही हैं लेकिन ननि प्रशासन अतिक्रमणकारियों को बार-बार नोटिस थमाकर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर ले रहा है। अवैध अतिक्रमण एवं शहर विकास के लिए निर्धारित मापदण्डों का पालन कराने में ननि अपनी प्रासंगिता खोते जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अतिक्रमण हटाने की कोशिश करने पर अतिक्रमणकारी ननि अमले की पिटाई भी कर रहे हैं। अतिक्रमणकारी ननि की सड़क एवं गलियों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्रवासी ननि को अतिक्रमण की शिकायत नहीं करते। शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय ननि अमला अतिक्रमण कारियों को शिकायतकर्ताओं का नाम तक बता देता है तथा नोटिस थमाकर वापस लौट आता है। ननि की बैठकों में अवैध अतिक्रमण को लेकर हंगामा मचाने वाले जनप्रतिनिधि भी अब ऐसे मामलों को लेकर शांत हो गए हैं। शासकीय भूखण्डों पर धड़ल्ले से हो रहे अवैध अतिक्रमण के कारण प्रशासन को आबां भवन, पीडीएस दुकान सहित अन्य शासकीय निर्माण के लिए जगह नहीं मिल रही है न ही शहर विकास के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का ही पालन हो रहा है जो भविष्य में शहर के लिए काफी घातक साबित हो सकता है।

**खास बात**

- ननि की भवन शाखा हुआ अप्रासंगिक, नोटिस देकर की जा रही खानापूर्ति

**विकास योजना की अवहेलना**

ननि ने अम्बिकापुर विकास 2021 के तहत भूमि उपयोग के सम्बंध में भूखण्डों के क्षेत्रफल के अनुसार पार्किंग, सड़क सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए गड़े नियम बनाए हैं। विकास योजना में भूखण्ड के क्षेत्रफल का 30 फीसदी से लेकर 50 फीसदी भूमि को खाली रखने का निर्देश है। ननि प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोग निर्माण का नक्शा स्वीकृति कराए बिना ही बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दे रहे हैं। वाहन पार्किंग के लिए जगह छोड़ना तो दूर लोग सड़क से सटकर इमारतें बना रहे हैं तथा अपनी वाहनों को सड़क पर खड़ा कर आवागमन बाधित कर रहे हैं। शहर के अकेले भगवानपुर वार्ड क्रमांक 1 में रातोंरात दर्जनों शासकीय भूखण्ड अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए है।

**नई तकनीक बनी पहेली**

अवैध अतिक्रमण सहित अन्य अवैध निर्माण की जानकारी के लिए ननि के पास अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध है। इस तकनीक के सहयोग से ननि प्रबंधन पलभर में हर गली-मोहल्ले की स्थिति की समीक्षा कर सकता है। सेटेलाईट मैप के सहयोग से ननि अमला किसी भी भवन की पुरानी एवं नई स्थिति को देख सकता है लेकिन ननि प्रबंधन के लिए नई तकनीक पहेली बनी हुई है। ननि इस तकनीक का उपयोग भी नहीं करना चाहता। ननि द्वारा भवन शाखा में सौ से अधिक नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मियों को तैनात किया गया है लेकिन कर्मी शहरवासियों का विश्वास अर्जित करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।

**नोटिस के बाद हो रही ढलाई**

अतिक्रमणकारियों पर ननि की नोटिस का प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ननि की नोटिस का जवाब देना तो दूर अतिक्रमणकारी नोटिस मिलने के बाद रातोंरात भवन की ढलाई कर दे रहे हैं। रेडियों स्टेशन के पास ननि की नोटिस पर मुख्य मार्ग के किनारे बेशकीमती शासकीय भूमि पर दीवार खड़ी करने के बाद अतिक्रमणकारी ने रातोंरात छत की ढलाई करा दी। बलरामपारा स्थित ननि की सड़क पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद ननि द्वारा नोटिस जारी करने पर अतिक्रमणकारी ने शेड तैयार कर लिया। अवैध अतिक्रमण से आग लगने की स्थिति में फायर बिग्रेड का पहुंचना तो दूर सायकिल, रिक्शा पहुंचने तक की जगह नहीं बची है।

**भविष्य के लिए घातक**

अवैध अतिक्रमण बढ़ने के पीछे हम जनप्रतिनिधियों का भी बड़ा दोष है। अपने आदमी के चक्कर में हम उसके पक्ष में खड़े होकर कार्रवाई को रोक देते हैं। इस प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है। अवैध अतिक्रमण भविष्य के लिए काफी घातक है। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

डॉ.अजय तिर्की
महापौर, ननि

## दिल्ली ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन स्टॉपेज की लोगों की मांग अब तक अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबी प्रतीक्षा के बाद अंबिकापुर से दिल्ली सीधी ट्रेन सेवा सरगुजा सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के प्रयासों से आरम्भ हुई लेकिन बिश्रामपुर क्षेत्र के लोगों के लिए ट्रेन का लाभ लेने में मशक़्क़त करनी पड़ रही है। ग़ौरतलब है कि करीब दो वर्ष पूर्व 14 जुलाई 2022 को इस ट्रेन की शुरुआत स्पेशल ट्रेन के रूप में ट्रायल बेस में शुरू किया गया था1बाद में इसकी मांग बढ़ने व बेहतर प्रतिसाद मिलने से रेलवे ने इसी वर्ष विगत 6 फरवरी से इस ट्रेन को स्थाई नंबर 22407 व 22408 नंबर से नियमित परिचालन की व्यवस्था कर क्षेत्रवासियो को बड़ी राहत प्रदान की है1ट्रायल के दौरान पुरी ट्रेन में एसी कोच थे, बाद में यात्रियों के बीच इस ट्रेन की बढ़ी मांग व पिछड़े सरगुजा क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से स्थाई नंबर के साथ इस ट्रेन में स्लीपर कोच की भी सुविधा उपलब्ध करा दी है जो संभागवसियो के लिए बड़ी राहत देने जैसी रेल प्रबंधन की पहल मानी गई। संभाग में अंबिकापुर के बाद सर्वाधिक राजस्व देने वाले बिश्रामपुर रेल्वे स्टेशन में इस ट्रेन के यहाँ स्टोपेज़ की माँग स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रारम्भ से ही की गई लेकिन आज पर्यंत मांग पुरी नहीं हो सकी है। बता दें कि एन एच 43 से बिश्रामपुर स्टेशन के नज़दीक होने के कारण जिला मुख्यालय सूरजपुर के यात्री भी यहाँ से ही ट्रेन पकड़ते है, इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र का मुख्यालय होने से भी बिश्रामपुर भटगाँव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी बिश्रामपुर स्टेशन से ही रेल सफर तय करते है। ऐसे में दिल्ली ट्रेन का स्टापेज़ बिश्रामपुर स्टेशन को अब तक नहीं देने से यहाँ से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रीयों को अंबिकापुर जाना पड़ता है या फिर अनूपपुर से उत्कल अथवा सम्पर्क क्रांति सहित अन्य ट्रेनों से यात्रा करना उनकी मजबूरी बना हुआ है। ऐसे में लंबे समय के बाद अंबिकापुर दिल्ली ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी संभाग का मिनी भारत कहे जाने वाले बिश्रामपुर की जनता को इस ट्रेन का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है1स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेल प्रबंधन से अंबिकापुर दिल्ली ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन में जल्द स्टॉपेज शुरू करने की मांग की है।



## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के शासकीय भूमि पर सोनवाही पंचायत के लोगों द्वारा अवैध रूप से घर निर्माण कराए जाने पर मामले की शिकायत सुरजपुर एसडीएम से की गई है। सूरजपुर एसडीएम को दिए ज्ञापन में ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के ग्रामीणों द्वारा उल्लेख किया गया है कि राजस्व न्यायालय में भूमि सीमा विवाद के प्रकरण लम्बित होने के बावजूद नियम विरुद्ध तरीक़े से अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के आधिपत्य की भूमि पर अवैध रूप से सोनवाही पंचायत के एक व्यक्ति द्वारा निवास करके अवैध रूप से मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर न्यायालय में प्रकरण वर्तमान में चल रहा है। बताया गया कि उक्त राजस्व प्रकरण का अब तक निराकरण नहीं हुआ है। उक्त मामले में सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा ज्ञापन मिलते ही उक्त अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रकरण के निराकरण तक किसी तरह का निर्माण नहीं करने की बात कही गई है।इसके अलावा दोनों पक्ष को गांव का नक्शा भी प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

## झुग्गी बस्ती में स्थायी बिजली कनेक्शन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सहायक अभियंता से की मुलाकात

**बिश्रामपुर।** वर्षों से काबिज झुग्गी बस्ती में विद्युत विस्तार को लेकर बुधवार को नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बिश्रामपुर विभागीय कार्यालय में सहायक अभियंता से मुलाकात कर मामला सुलझाने हेतु चर्चा की है। चर्चा उपरांत अधिकारी द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने का भरोसा दिया गया है। स्थायी बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर लंबे अरसे से वार्डवासी जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12, 13 व 15 के निवासी वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में निवास करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे हैं। वर्षों बाद भी स्थायी बिजली आपूर्ति की सुविधा ना मिल पाने से वार्ड वासियों को भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर बिजली विभाग द्वारा एसईसीएल का लीज़ एरिया होने का हवाला देते हुए विद्युत विस्तार का कार्य नहीं किया गया है जबकि एसईसीएल के अन्य क्षेत्रों क्रमशः जयनगर फोकटपारा, सतपता,



गोरखनाथपुर, गांगीकोट, गोविंदपुर, जैसे अन्य कई पंचायतों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है। बताया गया कि नगर पंचायत बिश्रामपुर स्थित कुछ वार्डों में लोग मजबूरन एसईसीएल के विद्युत लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर जीवनयापन करने विवश हैं। उक्त मामले में पूर्व कलेक्टर इफ्फत आरा द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12, 13 व 15 में विद्युत विस्तार कराए जाने के संबंध में उनका अभिमत मांगा गया था लेकिन आज तक एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अपना अभिमत नहीं दिया गया, जिससे मामला अटका हुआ है। वार्डवासियों को स्थायी बिजली आपूर्ति वर्षों बाद भी नहीं मिल पाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12,13 व 15 में विद्युत विस्तार को लेकर कई बार क्षेत्रवासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से संपर्क करके व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने की मांग की जा चुकी है। इसी तारतम्य में आज तक प्रभावित लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं होने पर बुधवार को भाजपा के प्रतिनिधि मंडल से वरिष्ठ भाजपा नेता इंजी. विनय सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, सुबोध सिंह, पार्षद पति धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र पासवान, रविंद्र सिंह ने बिश्रामपुर कार्यालय में पहुंचकर सहायक अभियंता प्रतीक बारा से चर्चा कर जल्द स्थायी विद्युत विस्तार किए जाने की माँग की जिस पर सहायक अभियंता ने मामले में उचित पहल करने का आश्वासन दिया है।

## रिश्तेदार बताकर अज्ञात व्यक्ति ने महिला के परिचित व रिश्तेदार से की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला के मोबाइल नम्बर को अज्ञात व्यक्ति ने न सिर्फ हैक किया बल्कि उसके रिश्तेदार व परिचित से धोखा धड़ी कर कुल 1 लाख 25 हजार रुपए ठग लिया। पीड़ित की बहन ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार संगम चौक विजय मार्ग निवासी दिक्षा अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसकी बड़ी बहन श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल के मोबाइल नम्बर को अज्ञात व्यक्ति ने हैक कर लिया। साथ ही विभिन्न मोबाइल नगर से प्रज्ञा अग्रवाल का पहचान बताकर कर उसके रिश्तेदार व परिचित से कुल 1 लाख 25 हजार रुपए ठग लिया। साथ ही व्हाटसअप के माध्यम से पैसे मांगने की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

आवश्यक सूचना

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय अंबिकापुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान: हरिभूमि कार्यालय
उड़िया पंडित काम्पलेक्स, चोपड़ा पारा,
रिंगरोड नं. 2 अम्बिकापुर मो. 9626154736

## नाबालिग छात्रा को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही छात्रा को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा 25 मार्च को होली के दिन घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। ऐसे में परिजन द्वारा छात्रा के गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की गई थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेंद्र पांडेय एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम नाबालिग छात्रा की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग छात्रा को अंबिकापुर के गांधीनगर में देखा गया है। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नाबालिग छात्रा को बरामद करने के साथ ही युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि शंकरगढ़ सरीमा निवासी 18 वर्षीय रोहित यादव आ. शिवनारायण यादव से छात्रा की पहचान राजपुर मेला के दौरान हुई थी और इस दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोपी युवक छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया और उसके साथ अनाचार किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 2 (ढ़) एवं पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधीर मिंज, एसआई दिनेश राजवाड़े, एएसआई कल्पना निकुंज, आरक्षक अमृत सिंह,रिंकू गुप्ता आदि शामिल थे।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग का अपहरण करने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 मई को नाबालिग किशोरी घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। ऐसे में परिजन द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने



मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जशपुर जिले के पत्थलगांव बटुराबहार निवासी 18 वर्षीय आकाश चौहान उर्फ गणेश को हिरासत में लेकर नाबालिग को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश चौहान द्वारा नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाकर लेजाने और उसके साथ दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी युवक को धारा 363, 366, 376 (2)(ढ) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि शिवमन कौशिक, महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट, पूनम भगत, आरक्षक भगलू राम पैकरा, एहसान फ़रिदौशी, राजेश खलखो शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024,
26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा प्रजापति — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध